कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.01.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में वैल्यू एडेड कोर्स नृत्यांजलि का समापन

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नृत्य विभाग द्वारा वैल्यू एडेड कोर्स नृत्यांजलि का समापन किया गया। इस अवसर पर इसमें पंजीकृत छात्राओं ने परम्परागत शैली शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की प्रारंभिक मुद्राओं का सुंदर सामंजस्य प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं के अत्यधिक रूझान को देखते हुए ही अन्य संकाय की छात्राओं के लिये इस कोर्स को आयोजित किया गया है। आगे भी इसका एडवांस कोर्स कराना चाहिये ताकि छात्रायें इसे कॅरियर के रूप में अपनाना चाहती है। उन्हें लाभ मिल सके। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि छात्रायें इसे आत्मसात कर रही है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल में कहा कि नृत्य एक ऐसी साधना है जिससे सारे भेद समाप्त हो जाते है। मानव मन की निराशा दुख सभी नृत्य करने से दूर हो जाते है।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस बार भी 70 छात्राओं ने इस कोर्स के लिए सहमति दी और बड़े उत्साह के साथ भरतनाट्यम की आधारभूत शिक्षण लिया है। इस अवसर पर सभी छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से भूमि प्रणाम, अड़वु एवं मंगल श्लोक तथा शिरोभेद का प्रदर्शन किया छात्राओं की लगन और मेहनत की सभी ने सराहना की छात्राओं को नृत्य से संबंधी ऐतिहासिक जानकारी, शारीरिक, मानसिक लाभ एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव संबंधी विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। अंत में सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम के संचालन में कु. अनामिका मिश्रा, कु. उर्वशी निर्मल, कु. निशा गुप्ता, कु. मौसमी का विशेष सहयोग रहा। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

वैल्यू एडेड कोर्स नृत्यांजलि का समापन